एक नजर में

कल मनेगी मां शाकंभरी जयंती

उज्जैन। मां शाकंभरी भक्त मण्डल द्वारा 3 जनवरी, शनिवार को जगत जननी माता शाकम्भरी के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य पर एक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन शर्मा परिसर, देवास रोड़, उज्जैन पर आयोजित होगा। यह वर्ष आयोजन का पांचवां वर्ष है। इस अवसर पर मण्डल पूजन प्रात: 9.30 बजे, माता जी की स्थापना पूजन-प्रात: 10 बजे, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं हवन-प्रात: 11.30 बजे, श्री शाकंभरी मंगल पाठ-दोप. 4 से 6.30 बजे, महाआरती एवं महाज्योत-सायं 6.30 बजे, श्री कन्या पूजन एवं भोज-सायं 7.00 बजे महाप्रसादी-रात्रि 7.30 से 9.30 बजे तक रहेगा। उज्जैन शहर के आस-पास के क्षेत्रों में स्थित शाकम्भरी माता के भक्तगण भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेंवे। माँ शाकम्भरी भक्त मण्डल ने सभी शाकम्भरी भक्तों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनावें।

प्रथम निमंत्रण श्री गणेश जी को

उज्जैन। महावीर बस्ती में 11 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के सफलतम आयोजन के लिए स्थानीय श्री राधा कृष्ण मन्दिर मोती नगर पीपलीनाका से प्रथम निमंत्रण देने के लिए स्थिर मन श्री गणेश जी मन्दिर समिति संयोजक योगेन्द्र कुमावत, सह संयोजक डॉ. ओपी वैष्णव, निधि प्रमुख प्रवीण टाक, समाजसेवी इंदर सिंह रघुवंशी, सदस्य धर्मेश गुप्ता, शैलेंद्र गेहलोत, बाबू गेहलोत, आतिश पांचाल, राहुल पांचाल, मातृ शक्ति संयोजक विष्णु कांता गेहलोत, सह संयोजक उषा रघुवंशी सहित माता बहने बच्चे गढ़कालिका मन्दिर के पास ढोल नगाड़े, भगवा ध्वज, लेकर नाचते भजन, कीर्तन गाते सभी बड़ी संख्या में मन्दिर गए। प्रथम निमंत्रण देकर कार्यक्रम सफ़लता की कामना की। बाद प्रसादी वितरण किया गया। वापस में राधाकृष्ण मन्दिर पर समापन हुआ।

कुशवाह की सेवानिवृत्ति पर अभिनंन्दन

उज्जैन। पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद से करणसिंह कुशवाह की सेवानिवृत्त होने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरदयालसिंह एडवोकेट, चरणसिंह कुशवाह, राजेन्द्रसिंह भदौरिया आदि ने कुशवाह का शाल श्रीफल, माला, पुष्पमालाओं से अभिनंन्दन किया। कुशवाह की सम्पूर्ण सेवा अवधी निश्कलंक रही।

न्यायाधीश चंदेल के स्थानांतरण पर अभिनंन्दन

उज्जैन। अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश के पद पर सेवारत विवेक कुमार चंदेल का इंदौर के नवम अपर सत्र न्यायाधीश के पद पर स्थानांतरण होने पर अभिभाषक परिवार से प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, दीपकसिंह चुंडावत, कुंवर कर्णसिंह एडवोकेट, राजेंन्द्रसिंह असावत, राधे राजपूत, अश्विन मीणा तथा विवेकसिंह परिहार आदि ने चंदेल का साफा बंधवाकर, माला, पुष्पमाला तथा शाल श्रीफल से अभिनन्दन कर बाबा महाकाल का चित्र भेंट किया।

गुप्त दान में 7 किलो चांदी का मुकुट चढ़ा गया

उज्जैन। महाकाल मंदिर में साल के पहले दिन लाखों लोगों ने दर्शन किए। इस दौरान एक भक्त ने गुप्त दान के रूप में चांदी का एक मुकुट बाबा महाकाल को चढ़ाया। मंदिर के पुरोहित पंडित नवनीत शर्मा, रूपम शर्मा की प्रेरणा से भक्त ने 7 किलो 200 ग्राम चांदी से बना एक मुकुट गुप्त दान किया। भक्त से पंडित रूपम गुरु ने मुकुट प्राप्त किया व पंडित नवनीत गुरु ने गर्भगृह में जाकर उसे बाबा को अर्पित किया। इसके बाद मंदिर समिति में जमा कराकर रसीद भक्त को प्रदान की गई।

क्या नागदा-खाचरौद बन पाएगा जिला, 20 साल से सिर्फ आश्वासन मिला

वादों की धूप में झुलस रही उम्मीद आज सीएम के सामने उठेगी टीस, 35 करोड़ के संदीपनि विद्यालय सहित अन्य लोकार्पण

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष आज फिर 20 साल पुरानी मांग दोहराई जाएगी। वर्ष 2004-05 से ही उज्जैन की तहसील नागदा खाचरौद को जिला बनाने की मांग उठी है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 जुलाई 2023 को घोषणा कर चुके थे कि नागदा को जिला बनाया जाएगा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 18 मार्च 2020 को नागदा खाचरौद को जिला बनाने की घोषणा कर चुके थे। दोनों मुख्यमंत्री पद से हट गए बावजूद नागदा खाचरौद को जिला नहीं बन पाए।

नागदा खाचरौद में 5 तहसील 430 गांव को मिलाकर जिला बनना है

और इसके लिए सीमांकन भौगोलिक परिस्थितियों के मापदंड अनुसार आकलन करना है। यह पूरा मसला पुनर्गठन आयोग तक पहुंचा पूर्व में मुकेश शुक्ला और मनोज श्रीवास्तव जैसे आईएएस अफसरों को जिम्मेदारी दी गई। बावजूद इसके अब तक क्कुछ नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 12 बजे के लगभग खाचरोद पहुंचेंगे और सांदीपनि विद्यालय मैदान खाचरौद कोर्ट के सामने आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान नागदा और खाचरौद को जिला बनाए जाने की मांग एक बार फिर प्रमुखता से उठेगी। यह मांग वर्षों से लंबित है। पूर्व सरकारों द्वारा कई बार घोषणा और आश्वासन दिए गए, लेकिन अब तक अमल नहीं हो सका। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस दिशा में ठोस निर्णय लेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ड्यूटी तय की है। एसपी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में नागदा और खाचरौद क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री के आगमन हेतु हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है। खाचरौद-नागदा एसडीएम नेहा साहू और तहसीलदार प्रकाश परिहार द्वारा पिछले एक सप्ताह से लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव यह बड़ा दौरा है। पूर्व में संक्षिप्त समय के लिए आए थे। अब विकास की सौगात लेकर खाचरौद आ रहे हैं। इसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ के नेतृत्व में भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं।

सरकारी शिक्षा में निजी स्कूलों जैसी व्यवस्था

सीएम राइज संदीपनि विद्यालय का कॉन्सेप्ट प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो तेजी से सफल होती नजर आ रही है। इस विद्यालय को निजी शिक्षण संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया गया है, जहां आधुनिक कक्षाएं, स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल लर्निंग, प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। संदीपनि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और तकनीकी ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो रहा है और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अब तक कृषि प्रधान और ग्रामीण परिवेश वाला खाचरौद क्षेत्र धीरे-धीरे विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहा है। नई शैक्षणिक संस्थाओं, प्रशासनिक भवनों और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। नगर पंचायत खाचरौद और नागदा मंडी क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों की सौगात दी जाएगी, जिससे सड़क, भवन और अन्य नागरिक सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। इससे स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अपर कलेक्टर श्रेयांस कुमट, एएसपी अभिषेक रंजन, डीईओ, सभी विभागों के अधिकारी खाचरौद पहुंचे।

विधायक और कई नेता हार गए

मौजूदा विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान से लेकर पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत और पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर से लेकर बसंत मालपानी, कई पार्टियों के नेता समाजसेवियों ने नागदा खाचरौद को जिला बनाने के लिए जी तोड़ प्रयास कर चुके है। मगर थककर हार गए, ऊपरी राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी और फाइल को फुटबॉल बनाने के चलते अब तक इस पर निर्णय नहीं हो पाया है। आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष एक बार फिर नागदा खाचरौद को जिले में तब्दील करने की मांग उठेगी। इधर नागदा कृषि उपज मंडी समिति की सौगात, जनपद पंचायत भवन भूमिपूजन, खेड़ावदा सड़क का भूमि पूजन, समेत करोड़ों की सौगात सीएम आज देंगे। मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सीएम राइज संदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया जाएगा। यह विद्यालय न केवल खाचरोद बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा केंद्र बनेगा। इसके साथ ही खाचरौद की पुरानी और जर्जर तहसील भवन को हटाकर नए आधुनिक तहसील भवन के निर्माण का भूमिपूजन भी मुख्यमंत्री के हाथों किया जाएगा। इसके अलावा जनपद और तहसील से जुड़े अन्य निर्माण कार्यों की भी शुरुआत होगी।

हरसिद्धि पाल के पास होटल में ठहरे थे बदमाश

उज्जैन। शहर में तीन स्थानों पर कारों के कांच फोड़कर बैग चुराने वाले बदमाश तमिलनाडु से आए थे जिनका सुराग कैमरों की मदद से मिला है। बदमाश काफी शातिर थे। उन्होंने होटल में कमरा भी बुक कराया था। पुलिस होटल संचालक से पूछताछ कर रही है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में ट्रेजर बाजार के सामने खड़ी प्रॉपर्टी ब्रोकर की कार का कांच फोड़कर बदमाशों ने 30 लाख से भरा बैग चोरी कर लिया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी और सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे थे। इस बीच पता चला था कि बदमाशों ने माधव नगर और महाकाल थाने में भी कारो के कांच फोड़ कर बैग चोरी किए हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस आगे बढ़ी तो सामने आया कि बदमाश महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धि पाल स्थित मंगलम होटल में ठहरे थे। पुलिस होटल पहुंची और जांच शुरू की तो सामने आया कि बदमाशों ने कमरा बुक करने के दौरान अपना मोबाइल नंबर भी गलत बताया था और तमिलनाडु की दी गई आईडी भी उन्होंने होटल रिकॉर्ड से चोरी कर ली थी। होटल में लगे कैमरे से इस बात की पुष्टि हुई है। लेकिन होटल संचालक विजय ने अपने यहां ठहरे यात्रियों की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। जिसके चलते नानाखेड़ा थाना पुलिस संचालक को पूछताछ के लिए अपने साथ थाने ले गई है। नानाखेड़ा पर हुई वारदात के बाद फुटेज सामने आते ही पुलिस ने आशंका जताई थी कि बदमाश बाहरी हो सकते हैं। जो जांच में तमिलनाडु के होना सामने आए हैं। पुलिस अब इस बात का पता लग रही है कि होटल से निकलने के बाद बदमाश किस रास्ते पर गए हैं।

प्रतिबंधित डोर से उड़ रही पतंग, फिर कटा युवक का गला

दिसंबर माह में आधा दर्जन हादसे, लोगों में नहीं पुलिस का ख़ौफ

उज्जैन। प्रतिबंधित चाइना डोर ने फिर बाइक सवार का गला रेत दिया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, घाव गले की हड्डी तक होना सामने आया है। वह बोल पाने की स्थिति में नहीं है। डॉक्टर हालत पर निगरानी रख रहे हैं।

नीलगंगा क्षेत्र की राजीव रत्न मल्टी में रहने वाला प्रेम पिता तिलक महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसादी की दुकान संचालित करता है। दोपहर को बाइक से दुकान जाने के लिये निकला था। जयसिंहपुरा माली मंदिर के सामने से गुजरते वक्त अचानक चाइना डोर उसके गले पर आ गई। डोर से गला बुरी तरह कट गया। प्रेम

लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे संभाला और तत्काल चरक अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ऑपरेशन थियेटर में भेजा। जहां ईएनटी डॉ. अंशु वर्मा ने उसकी सर्जरी शुरू की। घाव गले की हड्डी तक हुआ था, जिसके चलते तीन लेअर में सर्जरी करते हुए करीब 10 टांके लगाये। डॉ. अंशु वर्मा के अनुसार युवक की हालत गंभीर है, वह बोल नहीं पा रहा है। चाइना डोर से गला कटने की खबर महाकाल थाना पुलिस को मिली तो एएसआई लाखनसिंह अस्पताल पहुंचे। घायल बोल नहीं पा रहा था, परिजनों से घटना की जानकारी ली गई। वर्ष 2022 में खूनी डोर साबित हो चुकी चाइना पर लगातार मकर संक्रांति से पहले प्रतिबंध लगाया जा रहा है। पुलिस तलाशी अभियान के साथ छतों पर सर्चिंग करने के साथ दूरबीन से नजर रख रही है। बावजूद चाइना डोर से पतंगबाजी करने वाले जान के दुश्मन नहीं मान रहे है। उनमें पुलिस का खौफ दिखाई नहीं दे रहा है।

जहरीला पदार्थ खाने वाले पुजारी की हुई मौत

उज्जैन। गांव में बने मंदिर के पुजारी ने जहर खा लिया हालत बिगड़ने पर भानेज को फोन लगाया। पुजारी को अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। ग्राम नरसली में रहने वाला राकेश पिता सिद्धनाथ बैरागी गांव में ही राम मंदिर का पुजारी था। बुधवार दोपहर वह घर से तराना आया था। शाम को उसने अपनी भानेज अंजू को मोबाइल पर कॉल किया और जहर खाने की जानकारी दी। परिवार तराना पहुंचा राकेश बेसुध हालत में मिला। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उज्जैन रेफर कर दिया गया। चरक अस्पताल लाने पर रात में राकेश की मौत हो गई। गुरुवार सुबह कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का कहना था कि राकेश ने जहर क्यों खाया इसकी वजह पता नहीं है। घर में कोई वाद विवाद भी नहीं था ना ही किसी से लेनदेन था। कोतवाली पुलिस मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को सौपेगी। इधर तराना के ग्राम खाखरी सुल्तान में रहने वाला ओमप्रकाश पिता रमेश चंद्र चौहान 37 वर्ष 20 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। परिजन उपचार के लिए उज्जैन लेकर आए थे ओमप्रकाश का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था जहां रात में उसकी मौत हो गई। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि ओमप्रकाश दो बच्चों का पिता था और मजदूरी करता था। दुर्घटना वाले दिन माली खेड़ा गया था जहां से लौटते समय उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

दिसंबर में चार बार

दिसंबर माह में चार बड़ी घटना सामने आ चुकी है। पहली घटना घासमंडी पाटीदार ब्रिज पर हुई थी। दूसरी और तीसरी आगररोड पर सामने आ चुकी है। वहीं अब जयसिंहपुरा में चाइना ने युवक का गला रेता है। एक घटना हरिफाटक ब्रिज पर सामने आई थी जिसके स्कूटी सवार महिला बाल-बाल बच गई थी। लेकिन पिछली चार घटनाओं में सभी युवकों का गले में टांके लगाकर उपचार करना पड़ा है।

ग्वालियर में चयनित होगा मिस्टर एमपी 2026

उज्जैन। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मुख्यालय उज्जैन के तत्वावधान में जीवाजी क्लब एवं ग्वालियर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा 2 लाख कैश प्राइज राज्य स्तरीय मिस्टर एमपी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप एवं चंबल श्री स्पर्धा का आयोजन 3 जनवरी को जीवाजी क्लब के खेल एरीना में किया जा रहा है। उक्त खेल आशय की जानकारी देते हुए प्रेम सिंह यादव एवं जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश की 34 जिला इकाइयों के 200 से भी अधिक शरीर साधक संगीत की धुन पर मांसपेशियों का प्रदर्शन कर मिस्टर एमपी 2026 के मांसपेशियों के मुकाबले में अपनी दावेदारी सिद्ध करेंगे। इस स्पर्धा के रेफरी शैलेंद्र व्यास रहेंगे। इंजीनियर गजेंद्र मेहता को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। तकनीकी अधिकारी अमित कनौजिया रहेंगे। इस स्पर्धा में उज्जैन जिले का शक्तिशाली दल मिस्टर एमपी के खिताब को प्राप्त करने के लिए शिरकत करेगा। उज्जैन जिले के चयनित शरीर साधक निम्नानुसार है। उज्जैन टीम इस प्रकार है कुणाल गोसर,मनोज कपासिया (55केजी), आजम खान, इब्राहिम खान(60 केजी), हैदर अली,ऋतिक दौड़े (65), समीर अंसारी,लखन सिंह हारोड़ (70), शोएब मोहम्मद,शाहरुख शाह(75), फतेह अली,नरेंद्र आचार्य(80),लोकेंद्र चुटेल (85), वसीम खान(90),कमलेश चांगल (100 किलोग्राम) रहेंगे।

सिन्धी लोक साहित्य केंद्रित कार्यशाला का आज से

उज्जैन। सिन्धी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा पवित्र मां क्षिप्रा के तट स्थित महाकाल की नगरी उज्जैन में तीन दिवसीय सिन्धी लोक साहित्य कार्यशाला का आयोजन आज शुक्रवार 2 जनवरी से रविवार 4 जनवरी तक होटल पार्क पैलेस के सभागार में किया गया है। राजेश कुमार वाधवानी ने बताया कि इस कार्यशाला में वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ सिन्धी भाषा में रूचि रखने वाले युवा लेखक शामिल होंगे।

कार्यशाला में सिंधी समाज की लोक परम्पराएं, सामाजिक परिधान, सिंधी संस्कृति और साहित्य का अन्य संस्कृति से वास्ता, कच्छ एवं मारवाड़ के विशेष संदर्भ में आदि विषयों पर गहन अध्ययन होगा। सिन्धी लोक साहित्य में रुचि रखने वाले रचनाकारों तथा कलाकारों को प्रख्यात वरिष्ठ सिन्धी साहित्यकार डॉ. जेठो लालवानी, डॉ. कमला गोकलानी, रश्मि रामानी भगवान बाबाणी, डॉ. नादिया मसंद तथा डॉ. तमन्ना लालवानी अपना मार्गदर्शन देंगे।

हिन्दू सम्मेलन में उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम ने की भारत माता की आरती

उज्जैन। अलखधाम नगर बस्ती द्वारा नये साल की शुरुआत हिन्दू सम्मेलन से साईं मंदिर में की गई। जहा सनातनी परिवार के साथ सेकड़ों मातृ शक्ति भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर महाआरती करके की गई जहा सभी ने हाथो में दीपक जलाकर आरती की।

आरती के पश्चात प्रेस क्लब अध्यक्ष नन्दलाल यादव यादव, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाडा, सचिव विजय व्यास, उपाध्यक्ष उदय

चंदेल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भूतडा, पत्रकार प्रणव नागर, रवि नरवरिया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सलाहकार नरेश शर्मा, भाजपा नेता रूप पामणानी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष मुकेश यादव, पार्षद गोपाल बलवानी, मण्डल अध्यक्ष, झोन अध्यक्ष का आदि का साफा, माला, दुपट्टा उड़ाकर, श्री साईं सेवा समिति के संयोजक रमेश गजनानी, सह संयोजक सुरेश मोड़, सह संयोजक आंनद पंड्या, सह संयोजक,कृति व्यास, कोषाअध्यक्ष ओम प्रकश गर्ग, रिंकू बेलानी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक बेलानी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथि व भक्तों ने साईं भगवान की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी दीपक बेलानी द्वारा दी गई।

नववर्ष पर मातम | अलखधाम नगर बस्ती द्वारा नये साल की शुरुआत

नववर्ष काल बना : नागदा व इंदौर में हुई दुर्घटना में शहर के दो युवकों की मौत

नवभारत न्यूज

नागदा। नए वर्ष की सुबह शहर के दो परिवारों के लिए काल बनकर आई। वर्ष के अंतिम रात्रि व नववर्ष की सुबह नागदा व इंदौर में हुई दो अलग अलग सडक दुर्घटना में शहर के दो युवाओं की मौत हो गई व एक युवक घायल हैं। एक घटना बिरलाग्राम में बुधवार रात 11:15 बजे हुई जिसमें एक युवक की मौत हो गई ओर एक युवक घायल हो गई जबकि दूसरी दुर्घटना इंदौर में हुई जिसमें नागदा के एक युवक की मौत हो गई। एक मृतक का अंतिम संस्कार नागदा में गुरूवार की शाम को हुआ। जबकि दूसरे मृतक का शुक्रवार की शाम को होगा।

बिरलाग्राम की दुर्घटना

वर्ष के अंतिम रात्रि में रात 11:15 मिनिट पर बिरलाग्राम में ग्रेसिम उद्योग के पॉवर हाउस गेट पर दो बाईक आमने सामने भीड़ गई, जिसमें एक युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि दो गंभीर रुप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र पिता हकमसिंह उम्र 21 वर्ष तथा उसका साथी विवेक पिता रामचंद्र उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी वर्धमान कॉलोनी मेहतवास बाईक से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाईक उद्योग के श्रमिक के वाहन से टक्करा गई। बताया जा रहा हैं कि श्रमिक गवर्नमेंट कॉलोनी का निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियो ने घायलों को उपचार के लिए जनसेवा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जितेंद्र की हालत गंभीर होने पर गहन चिकित्सा के लिए उज्जैन रैफर किया। बिरलाग्राम पुलिस के अनुसार गुरुवार की दोपहर में उपचार के दौरान जितेंद्र की मृत्यु हो गई। जितेन्द्र का अंतिम संस्कार शुक्रवार को नागदा में होगा। विवेक का उपचार उज्जैन में चल रहा है।

इंदौर के तेजाजी नगर में हुई दुर्घटना

इंदौर के तेजाजी नगर बायपास पर कृपाल घाटी के पास गुरुवार की अलसुबह एक थार तेज रफतार से जा रही थी जो सामने से आ रही बस में घुस गई जिसमें तीन लोग शामिल थे जिसमें दो युवक व एक युवती सवार थी। जिसमें नागदा के युवक शुभम पिता अमरनाथ कक्कड भी सवार था। दुर्घटना में शुभम की मौत हो गई जबकि उसके साथी प्रियांशू निवासी नंदानगर व आयुषी घोष निवासी मंगलनगर सुखलिया घायल हो गए। मृतक शुभम के पिता अमरनाथ और दादा डॉ. जगदीशराज कक्कड नागदा में दंत चिकित्सक हैं। शुभम का अन्त्यपरीक्षण इंदौर में हुआ। शाम 5 :30 शव नागदा लाया गया। शाम 6 :30 उसका अंतिम संस्कार चंबल तट पर किया गया। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

सजा मां गढ़ कालिका का दरबार, लगा 56 भोग

उज्जैन। नए साल 2026 के स्वागत में उज्जैन के प्रसिद्ध मां गढ़ कालिका के दरबार में गुरुवार को विशेष सजावट की गई। दिनभर हजारों भक्तों ने दिव्य झांकी के दर्शन किए। गढ़ कालिका मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया कि गर्भगृह के अंदर आकर्षक झोपड़ी बनाई गई व परिसर में श्रीजी विराजित कर आसपास गायों को सजाया गया। मीठे व नमकीन पकवानों के साथ फलों का भोग लगाया गया। शाम को ढोल-नगाड़ों से महाआरती की गई। दर्शन के लिए उमड़े भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

प्रेस क्लब पर सुन्दर कांड का पाठ, यादव का मनाया जन्मदिन

उज्जैन। शहर में 01 जनवरी को सभी ने नया वर्ष मनाया। वहीं उज्जैन के सोसाइटी फॉर प्रेस क्लब ने सुन्दर कांड के पाठ की भक्ति पूर्वक श्रवण कर स्तुति गाई। साथ ही समस्त पत्रकार साथियों ने समाजसेवी पत्रकार निशांत यादव का भी बड़ी धूमधाम से प्रेस क्लब तरणताल कोठी रोड पर जन्मदिन मनाया। जिसमें प्रेस क्लब अध्यक्ष नन्दलाल यादव के साथ समाजसेवी गोविन्द यादव भी मौजूद थे। साथ ही प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाडा, उपाध्यक्ष उदय चंदेल, सचिव विजय व्यास, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भूतडा, गोलू प्रजापत, राजवीर सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, रवि नरवरिया के साथ 100 से अधिक पत्रकर व समाजसेवी उपस्थित रहे। सुन्दर कांड के पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।